पलामू में नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश, मेडिकल कॉलेज के पास चल रहा था अवैध कारोबार



**संवाद सहयोगी, मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड में आए दिन अवैध शराब के नेटवर्क का पर्दाफाश हो रहा है। पुलिस हर तरफ से सक्रिय है। ऐसा ही एक मामला पलामू से सामने आया है, जहां थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पोखराहा स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के समीप एक मकान में छापेमारी कर अवैध शराब बनाने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है।

कार्रवाई के दौरान शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और विभिन्न ब्रांडों के नकली स्टीकर बरामद किए गए। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही धंधे में शामिल आरोपी मौके से फरार हो गए।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/palamu-palamu-police-busts-illegal-liquor-factory-near-medical-college-40296590.html